दिनांक : 23.06.2024 समय : 07.10pm

आकाशवाणी, भोपाल
सांध्यकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रदेष में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की हुईषुरूआत। अगले दो दिन घर–घर जाकर पिलाई जाएगी पोलियो की दवा।
- मध्यप्रदेष लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा का जिला मुख्यालयों पर हुआ आयोजन।
- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से होगा षुरू।

और

- प्रदेष में मॉनसून छाया। कई जिलों में भारी वर्षा के लिये ओरेंज अलर्ट।

.............

पल्स पोलियो अभियान–प्रदेष

प्रदेश में आज से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। इस बार प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 11 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। आज उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर में पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें और 5 वर्ष आयु के बच्चों को दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा 1 करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर, बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी। जबलपुर में कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचकर बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण दवा पिलाकर जिले में अभियान की शुरुआत की। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में 2 हजार 117 पल्स पोलियो बूथ बनाये गए हैं। ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में बनाए गए पोलियो बूथ पर पहुँचकर अभियान का शुभारंभ किया। विधायक मोहन सिंह राठौर ने वीरपुर के पोलियो बूथ पर पोलियो रोधी दवा पिलाई। नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिला चिकित्सालय में के पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। देवास जिले में अभियान का शुभारम्भ सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया।

सीहोर के जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने हिस्सा लिया। सागर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई और कार्यक्रम को संबोधित किया। शहडोल जिले में 1 लाख 47 हजार 356 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का अभियान की शुरुआत हुई। मुरैना में प्रभारी कलेक्टर सीबी प्रसाद ने शुभारंभ किया। मंदसौर में 58 हजार बच्चो को जिले में पोलियो की खुराक पिलाई जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला अस्पताल में सांसद सुधिए गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा–प्रदेष

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आज दो सत्रों में आयोजित की गई। सीहोर जिला मुख्यालय के 06 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। मुरैना में 5 परीक्षा केन्द्रों पर इसका आयोजन किया गया। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर आयोग से गठित पर्यवेक्षक एबी गुप्ता निरंतर भ्रमण करते रहे। जिला

मुख्यालय नीमच में तीन केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से परीक्षा का आयोजन किया गया। सतना जिले में 9 केन्द्र बनाये गये थे। जबकि गुना में 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। नर्मदापुरम जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मंदसौर शहर के 4 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

संसद सत्र

18वीं लोकसभा का पहला सत्र कल से शुरू हो रहा है। सत्र के दौरान नव–निर्वाचित सांसदो को शपथ दिलाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा सांसद भतृहरि महताब लोकसभा के नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। श्री महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाया गया है। नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव इस महीने की 26 तारीख को होगा। अगले दिन 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का अभिभाषण होगा। संसद सत्र अगले महीने की तीन तारीख तक चलेगा।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महानायक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी के पहले और आजादी के तुरंत बाद देश के सामने आने वाली चुनौतियां के संबंध में बड़ी भूमिका का निर्वहन किया। बंग–भंग योजना की विभीषिका का आंकलन और जम्मू कश्मीर की चुनौती को समय रहते भांप लेना डॉ. मुखर्जी जैसे महापुरुष के लिए ही संभव था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर, भोपाल में भाजपा कार्यालय के निकट स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण करने के बाद, अपने संबोधन में यह बात कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाना सच्चे अर्थों में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि है।

मॉनसून–बारिष

दक्षिण पष्चिम मॉनसून आज प्रदेष के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल में प्रवेष कर गया है। इसके अगले दो–तीन दिनों में पूरे प्रदेष में छाने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बैतूल, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांडूरना जिलों में भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिष का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इनमें इंदौर, भोपाल, नीमच, गुना जिले षामिल हैं। प्रदेष में आज भी कई जगहों पर बारिष दर्ज की गई। पाटन, हरदा और नेपानगर में तेज बारिष हुई। नीमच में बारिश से आज मौसम में ठंडक हो गई। मानसून के सक्रिय होते ही जबलपुर में मौसम का बदल गया है। कल शाम जोरदार बारिश हुई और सुबह भी हल्की बारिश होने से मौसम में ठंडक घुल गई। सीहोर जिले में 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। शिवपुरी में हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस जोरदार बारिश में शिवपुरी के कई निचली बस्तियों में पानी भर गया।

टी–20 क्रिकेट

आईसीसी ट्वेंटी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट में आज सुबह जमैका के किंग्सटाउन में सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान ने एक रोमांचक मैच में ऑस्ट्रेलिया को 21 रनों से हरा दिया। 149 रनों के लक्ष्य के जवाब में ऑस्ट्रेलिया 19 ओवर और दो गेंद में 127 रन ही बना सकी। अफगानिस्तान के ऑलराउडर गुलबदीन नायब ने चार विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

आज अमरीका का मुकाबला इंग्लैंड से होगा। यह मैच रात आठ बजे से बारबाडोस के ब्रिजटाउन, केंसिंग्टन ओवल में खेला जायेगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेशव्यापी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत सीहोर के जिला न्यायालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित न्यायालायीन स्टाफ से आह्वाहन किया गया कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 05 पौधे लगाकर उनका संरक्षण करना चाहिए।
- आगरमालवा कृषि विज्ञान केन्द्र में आयोजित कार्यषाला में कलेक्टर ने कृषि अधिकारियों को फील्ड का भ्रमण कर किसानों की समस्याओं को सुनने के निर्देष दिये है। जिससे किसानों को इधर–उधर नही भटकना पड़े।
- दिल्ली में कल आयोजित की गई जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने केन्द्रीय वित्त मंत्री से चर्चा कर आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि लगभग 417 करोड़ रूपए जारी करने का अनुरोध किया।

.....................................

## (1) पल्स पोलियो अभियान-प्रदेश

प्रदेश में आज से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत हुई। इस बार प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 11 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। आज उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने भोपाल के जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर में पोलियो ड्राप पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के समस्त नागरिकों, अभिभावकों से अपील की है कि अपने नौनिहालों की सुरक्षा में कोई चूक न होने दें और 5 वर्ष आयु के बच्चों को दो बूँद ज़िंदगी की अवश्य दिलायें। अभियान के दूसरे एवं तीसरे दिन 27,271 टीमों द्वारा 1 करोड़ 28 लाख घरों का भ्रमण कर, बच्चों को पोलियो की खुराक दी जावेगी। जबलपुर में कैंट विधायक अशोक रोहाणी ने विक्टोरिया अस्पताल पहुंचकर बच्चों को पोलियो प्रतिरक्षण दवा पिलाकर जिले में अभियान की शुरुआत की। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि जिले में 2 हजार 117 पल्स पोलियो बूथ बनाये गए हैं। ग्वालियर में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने सिविल अस्पताल हजीरा में बनाए गए पोलियो बूथ पर पहुँचकर अभियान का शुभारंभ किया। विधायक मोहन सिंह राठौर ने वीरपुर के पोलियो बूथ पर पोलियो रोधी दवा पिलाई। नीमच विधायक दिलीपसिंह परिहार ने जिला चिकित्सालय में के पोलियो बूथ पर बच्चों को पोलियो खुराक पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। देवास जिले में अभियान का शुभारम्भ सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया।

सीहोर के जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने हिस्सा लिया। सागर में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने जिला अस्पताल में बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई और कार्यक्रम को संबोधित किया। शहोल जिले में 1 लाख 47 हजार 356 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का अभियान की शुरुआत हुई। मुरैना में प्रभारी कलेक्टर सीबी प्रसाद ने शुभारंभ किया। मंदसौर में 58 हजार बच्चो को जिले में पोलियो की खुराक पिलाई जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिला अस्पताल में सांसद सुधिए गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कार्यक्रम का शुभारंम किया।

(2) लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा-प्रदेश

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा 2024 का आज दो सत्रों में आयोजित की गई। सीहोर जिला मुख्यालय के 06 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। मुरैना में 5 परीक्षा केन्द्रों पर इसका आयोजन किया गया। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर आयोग से गठित पर्यवेक्षक एबी गुप्ता निरंतर भ्रमण करते रहे। जिला मुख्यालय नीमच में तीन केंद्रों पर पारदर्शी तरीके से सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से परीक्षा का आयोजन किया गया। सतना जिले में 9 केन्द्र बनाये गये थे। जबकि गुना में 6 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा हुई। नर्मदापुरम जिले में 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। मंदसौर शहर के 4 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी।

(3) मॉनसून-बारिश

दक्षिण पष्चिम मॉनसून आज प्रदेष के आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, सीधी, सिंगरौली, इंदौर, उज्जैन, देवास, भोपाल में प्रवेष कर गया है। इसके अगले दो-तीन दिनों में पूरे प्रदेश में छाने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बैतूल, खरगोन, बड़वानी, आलीराजपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और पांढुरना जिलों में भारी वर्षा का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 47 जिलों के लिये बारिश का येलो अलर्ट जारी किया

गया है। इनमें इंदौर, भोपाल, नीमच, गुना जिले षामिल हैं। प्रदेष में आज भी कई जगहों पर बारिश दर्ज की गई। पाटन, हरदा और नेपानगर में तेज बारिश हुई। नीमच में बारिश से आज मौसम में ठं□क हो गई। मानसून के सक्रिय होते ही जबलपुर में मौसम का बदल गया है। कल शाम जोरदार बारिश हुई और सुबह भी हल्की बारिश होने से मौसम में ठं□क घुल गई। सीहोर जिले में 8.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। शिवपुरी में हुई बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली है। इस जोरदार बारिश में शिवपुरी के कई निचली बस्तियों में पानी भर गया।